विकसित भारत
की उदीयमान



# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024

बाल प्रतिभा का
सम्मान

राष्ट्रपति
भारत गणतंत्र
**PRESIDENT**
**REPUBLIC OF INDIA**

**संदेश**

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा कला और संस्कृति, बहादुरी, पर्यावरण, खेल, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा सामाजिक सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों की असाधारण उपलब्धियों के लिए, उन्हें प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है।

मैं पुरस्कार विजेता बच्चों को बधाई देती हूं। इन बच्चों ने अपने परिवारों को गौरवान्वित किया है और देश के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत भी बने हैं। उत्कृष्टता के पथ पर चलते हुए, इन बच्चों ने प्रदर्शित किया है कि दृढ़ संकल्प और साहस के साथ, किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है।

इस अवसर पर, मैं देश के बालक-बालिकाओं को अच्छे काम करने और देश की प्रगति में योगदान देने के लिए आशीर्वाद देती हूं। मैं सभी बच्चों के सुखद, स्वस्थ, उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य की कामना करती हूं।

द्रौपदी
(द्रौपदी मुर्मु)

**नई दिल्ली**
**21 जनवरी, 2024**



राष्ट्रपति
भारत गणतंत्र
**PRESIDENT**
**REPUBLIC OF INDIA**

**MESSAGE**

I am pleased to know that the Ministry of Women and Child Development is conferring the prestigious Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, to recognize the exceptional achievements of children in various fields of art and culture, bravery, environment, sports, innovation, science and technology and social service.

I extend my heartiest congratulations to the award winners for not only bringing immense pride to their families but also for being an inspiration for all the children of our nation. As torchbearers of excellence, these children have demonstrated that with determination and courage, one can overcome any challenge.

On this occasion, I convey my blessings to the young talent of the country to continue to achieve excellence and contribute to the nation's progress. I wish all the children a future filled with happiness, good health, and productivity.

**(Droupadi Murmu)**

**New Delhi**
**January 21, 2024**



सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

## संदेश

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2024 के विजेताओं को मैं सभी देशवासियों की ओर से बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कला, संस्कृति, बहादुरी, पर्यावरण, खेल, नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी कम उम्र में ही असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले इन साथियों पर देश को गर्व है।

बच्चे किसी भी राष्ट्र का भविष्य होते हैं। इन युवा विजेताओं की असाधारण सफलताओं से हमें उनकी प्रतिभा, शक्ति और दृढ़ संकल्प की झलक मिलती है जो भारत के सुनहरे कल की तस्वीर प्रस्तुत करती है। हमारे ये युवा साथी देश भर के बच्चों के लिए एक आदर्श हैं और उन्हें प्रेरणा दे रहे हैं कि यदि वे ईमानदारी, दृढ़ता और जुनून के साथ अपने सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में जुट जाएं तो उनकी सफलता निश्चित है।

हमारी प्रतिभाशाली युवा पीढ़ी देश के लिए एक वरदान है। हमारे युवाओं की विभिन्न उपलब्धियों ने यह भरोसा दिया है कि अमृत काल में एक भव्य व विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहे हमारे कदम और सशक्त होंगे। इस कर्तव्य काल में अपने युवाओं को किसी भी बाधा से विचलित हुए बिना, साहस के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करने में पूरा देश उनके साथ है।

हर बच्चे में एक विशिष्ट क्षमता होती है, बस आवश्यकता होती है उसे एक ऐसे वातावरण व मार्गदर्शन की जिसमें वह निडर होकर अपनी उच्चतम क्षमताओं को प्राप्त कर सके। अभिभावकों व शिक्षकों का समर्पण व बलिदान हमारे इन नन्हे साथियों के हौसलों के पंखों को बल देते हुए उन्हें अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित हो रहे युवाओं के माता-पिता और शिक्षकों को भी इस अवसर पर हार्दिक बधाई।

मुझे विश्वास है कि हमारे युवा साथियों का उत्साह, दृढ़ संकल्प और लक्ष्य प्राप्ति की अटूट भावना भारत को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगी। देश भर के युवा साथियों के उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना सहित।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली
पौष 30, शक संवत् 1945
20 जनवरी, 2024



स्मृति ज़ूबिन इरानी
Smriti Zubin Irani

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

मंत्री
महिला एवं बाल विकास
अल्पसंख्यक कार्य
भारत सरकार
Minister
Women & Child Development
Minority Affairs
Government of India

**संदेश**

बच्चे हमारे देश की प्रगति की नींव का निर्माण करते हैं।उनकी व्यापक वृद्धिऔर प्रगति सुनिश्चित करना, वो कहां किस परिवेश से आते हैं इस पर विचार किए बिना उनकी उपलब्धियों का सम्मान करना और उनकी उपलब्धियों को मिलकर मनाना हमारा उत्तरदायित्व बनता है।स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा और कौशल, डिजिटल परिवर्तन और वित्तीय और आर्थिक समावेशन के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण अपनाते हुए सरकार हमारे बच्चों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2024 के विजेता इन सभी प्रतिभाशाली बच्चों की अद्वितीय प्रतिभा का सम्मान करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है।महिला और बाल विकास मंत्रालय,कला और संस्कृति, वीरता, पर्यावरण, खेल,नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और समाज सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में इन बच्चों की शानदार उपलब्धियों की सराहना करता है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2024 सभी प्रतिभाशाली बच्चों के लिए एक अवसर है,उत्साह के साथ अपने सपनों को साकार करने और प्रोत्साहन के साथ आगे बढ़ते रहने का।

मैं पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता और शिक्षकों को अपनी बधाई और आभार व्यक्त करती हूं, जिनके समर्पण और सहयोग ने उनमें दृढ़ता, ईमानदारी और आत्मनिर्भरता के मानकों को स्थापित किया है।ये मानक इन बच्चों को उनकी आकांक्षाओं को हासिल करने और अन्य युवा मस्तिष्कों के लिए एक आदर्श बनने में मदद करेंगे। मुझे विश्वास है कि हमारे ये बच्चे निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने जुनून मेंआगे बढ़ते हुए देश की प्रगति में अपना योगदान देते रहेंगे।

(स्मृति ज़ूबिन इरानी)

G20 भारत 2023 INDIA

Room No 301, 'A' Wing, Shastri Bhawan, New Delhi 110001, Tel. No. : 011-23071331
First Floor, Pt. Deendyal Antyodaya Bhawan, CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi-110003, Tel. No. : 011-24360585
Resi.: 28, Tughlak Crescent, New Delhi-110003, Phone : 011-23011382

स्मृति ज़ूबिन इरानी
Smriti Zubin Irani

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

मंत्री
महिला एवं बाल विकास
अल्पसंख्यक कार्य
भारत सरकार
Minister
Women & Child Development
Minority Affairs
Government of India

**Message**

Children form the foundation of our nation's progress. It is our responsibility to ensure their comprehensive growth and progress, acknowledging and celebrating their achievements, regardless of scale. The government remains steadfast in its commitment to the well-being and social security of our children, adopting a holistic approach that encompasses health and nutrition, education and skilling, digital transformation, and financial and economic inclusion.

I am delighted to celebrate the talent of the brightest young minds who are the recipients of the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2024. The Ministry of Women and Child Development commends their accomplishments across various domains, including Art and Culture, Bravery, Environment, Sports, Innovation, Science and Technology, and Social Service. This celebration serves as an encouragement for them to pursue their dreams with heightened enthusiasm.

I extend my congratulations and gratitude to the parents and teachers of the awardees, whose dedication and support have instilled in them the values of perseverance, honesty, and self-reliance. These values have been instrumental in helping these children achieve their aspirations and become role models for other young minds. I trust that our children will continue to pursue their passions with integrity and honesty, contributing to the nation's progress.

(Smriti Zubin Irani)

G20 भारत 2023 INDIA

Room No 301, 'A' Wing, Shastri Bhawan, New Delhi 110001, Tel. No. : 011-23071331
First Floor, Pt. Deendyal Antyodaya Bhawan, CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi-110003, Tel. No. : 011-24360585
Resi.: 28, Tughlak Crescent, New Delhi-110003, Phone : 011-23011382




डॉ. मुंजपरा महेन्द्रभाई
Dr. Munjpara Mahendrabhai
(M.D. Medicine)

राज्य मंत्री
आयुष और महिला एवं बाल विकास
भारत सरकार
Minister of State for Ayush and
Women & Child Development
Government of India


## संदेश

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 के युवा पुरस्कार विजेताओं की विभिन्न श्रेणियों में विविध प्रतिभा और उपलब्धियां हमारे बच्चों के भीतर मौजूद अविश्वसनीय क्षमता का प्रमाण है।

ये उज्ज्वल युवा अग्रणी रोशनी के रूप में काम करते हैं, देश भर में साथी बच्चों को प्रेरित करते हैं और अपनी क्षमताओं और कौशल का प्रदर्शन करने में उनके आत्म-विश्वास का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इन युवा सितारों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए, आइए हम यह सुनिश्चित करने की अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करें कि हमारे देश के प्रत्येक बच्चे को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त हो।

मैं इन युवा चैंपियनों को बधाई देना चाहता हूं, उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देना चाहता हूं और आशा करता हूं कि वे देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में अपना योगदान जारी रखेंगे।

जय हिन्द!

(डॉ मुंजपरा महेन्द्रभाई)


Office (Ayush) : Ayush Bhawan, B-Block, GPO Complex, INA, New Delhi-110023, Tel. : 011-24651955/1935
Office (WCD) : Room No. 756, 'A' Wing, Shastri Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110 001, Tel. : 011-23382361-63
Resi.: 23, Ajanta Society, Behind Mahila College, Wadhwan, Surendranagar-363035, Gujarat



डॉ. मुंजपरा महेन्द्रभाई
Dr. Munjpara Mahendrabhai
(M.D. Medicine)

राज्य मंत्री
आयुष और महिला एवं बाल विकास
भारत सरकार
Minister of State for Ayush and
Women & Child Development
Government of India




## Message

I take the opportunity today to congratulate all the young winners of Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2024 on behalf of the entire nation. The event organized by the Ministry of Women and Child Development is an opportunity to honor, celebrate and felicitate these young children who have shown exceptional talent across the fields of art and culture, bravery, environment, sports, innovation, science and technology and social service.

Children are the building blocks for the development of any nation and in the exceptional achievements of these young winners, we get a glimpse of their diverse talent, strength and determination. Our young winners today stand as shining examples among their peers of the success they can achieve if they pursue their dreams and aspirations with honesty, perseverance, and passion.

Today's young achievers showcase that children are capable of fulfilling India's bright destiny, paving the path towards *Amrit Kaal*. It is our responsibility to persist in encouraging and inspiring them to fearlessly pursue their dreams, undeterred by any obstacles they may encounter. These young leaders possess the enthusiasm, determination, and sense of purpose to contribute to a prosperous future, actively striving towards the development of India. It is our responsibility to offer such an environment to achieve their highest potential fearlessly.

I want to extend congratulations to the parents and teachers of these young achievers. Their dedication and sacrifice have been an inspiration for the children to reach their dreams.

(Dr. Munjpara Mahendrabhai)


Office (Ayush) : Ayush Bhawan, B-Block, GPO Complex, INA, New Delhi-110023, Tel. : 011-24651955/1935
Office (WCD) : Room No. 756, 'A' Wing, Shastri Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110 001, Tel. : 011-23382361-63
Resi.: 23, Ajanta Society, Behind Mahila College, Wadhwan, Surendranagar-363035, Gujarat

प्रधानमंत्री

# राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

## 2024


| Category/श्रेणी | Page No./पृष्ठ सं. |
|---|---|
| Bravery/वीरता | 1 |
| Art & Culture/कला एवं संस्कृति | 2-8 |
| Innovation/नवाचार | 9 |
| Science & Technology/विज्ञान प्रौद्योगिकी | 10 |
| Social Service/सामाजिक सेवा | 11-14 |
| Sports/खेल | 15-19 |



# आदित्य विजय ब्रम्हणे
## (मरणोपरांत)
# AADITYA VIJAY BRAMHANE
## (Posthumous)

12 years | Place : Nandurbar, Maharashtra

Bravery

महाराष्ट्र के मास्टर आदित्य विजय ब्रम्हणे ने 12 वर्ष की आयु में असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया। कुशल तैराक न होने के बावजूद उन्होंने अपने चचेरे भाइयों को बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। इस साहसी कार्य में, उन्होंने आगे बढ़कर अपने बहते हुए चचेरे भाइयों का हाथ पकड़ लिया और उन्हें डूबने से बचा लिया। इस साहसिक प्रयास में उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी।

मास्टर आदित्य को बहादुरी के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय साहस और बलिदान के लिए मरणोपरांत प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Master Aaditya Vijay Bramhane, from Maharashtra, at the age of 12 years displayed extraordinary bravery. Inspite of not being a proficient swimmer, he leapt into the river to rescue his cousins. In this courageous act, he reached out and grabbed the hands of his drifting cousins and saved them from drowning. By this valiant effort, he sacrificed his life.

Master Aaditya is being posthumously awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar 2024, for his exemplary courage and sacrifice, in the field of Bravery.



# अनुष्का पाठक
# ANUSHKA PATHAK

8 years | Place : Kushinagar, Uttar Pradesh

Art & Culture

उत्तर प्रदेश की कुमारी अनुष्का, 4 साल की उम्र से ही कथा वाचन की गहन यात्रा पर निकल पड़ीं। कथा वाचन कौशल के शुरुआती प्रदर्शन ने श्रीमद्भागवत कथा और रामचरितमानस के प्रति उनके जुनून को प्रज्वलित किया। उनके समर्पण और प्रतिभा के परिणामस्वरूप उन्होंने 22 अलग-अलग राज्यों और शहरों में अपनी मंत्रमुग्ध कथा वाचन प्रस्तुतियों से लोकप्रियता हासिल की। आध्यात्मिक क्षेत्र में प्रतिष्ठित अपने सम्मानित पिता और चाचा के नक्शेकदम पर चलते हुए, कथा वाचन क्षेत्र में एक अत्यधिक नाम कमाया है।

कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए कुमारी अनुष्का पाठक को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Kumari Anushka, from Uttar Pradesh, at the tender age of 4, embarked on the profound journey of Katha Vachan. The early exposure to Katha Vachan skills ignited her passion for Shrimad Bhagvath Katha and Ramcharithamanas. Her dedication and talent blossomed, leading her to grace over 22 different states and cities with her mesmerizing Katha Vachan performances. She stands as a highly recognized figure in the Katha vachan field, following in the footsteps of her esteemed father and uncle, both revered figures in the spiritual domain.

Kumari Anushkha Pathak is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar 2024, for her excellence in the field of Art and Culture.



# अरिजीत बनर्जी

# ARIJEET BANERJEE

13 years | Place : Darjeeling, West Bengal

Art & Culture

पश्चिम बंगाल के मास्टर अरिजीत बनर्जी, पारंपरिक पखावज बजाने में प्रतिभाशाली हैं, उन्हें डॉ. एमएस सुब्बुलक्ष्मी फ़ेलोशिप अवार्ड 2022-2024 सहित प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। उन्होंने बनारस में अंतर्राष्ट्रीय ध्रुपद महोत्सव और इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र, बांग्लादेश में और देश के पांच से अधिक राज्यों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए मास्टर अरिजीत को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Master Arijeet Banerjee, from West Bengal, is a prodigy in playing the traditional Pakhawaj, honoured with the prestigious awards, including the Dr. M.S. Subbulakshmi Fellowship Award 2022-2024. He has showcased his talent at the International Dhrupad Festival in Benaras, and at the Indira Gandhi Cultural Center, Bangladesh and performed in more than five states in the country.

Master Arijeet is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar 2024, for his excellence in the field of Art and Culture.



# अरमान उबरानी

# ARMAAN UBHRANI

6 years | Place : Bilaspur, Chhattisgarh

Art & Culture

छत्तीसगढ़ के 6 वर्षीय मास्टर अरमान उबरानी Google गणित बॉय और वंडर बॉय के रूप में जाने जाते हैं जिन्होंने 100 गुणन योगों को हल करने के लिए सबसे कम उम्र में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। वे पुस्तकों की त्रयी के साथ सबसे कम उम्र के लेखक भी हैं, जिन्होंने 2022 में हार्वर्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और ऑनलाइन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से प्रशंसा अर्जित की है।

कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए मास्टर अरमान उबरानी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Master Armaan Ubhrani, from Chattisgarh, is a 6 years old boy who is already celebrated as the Google Math Boy and Wonder Boy of Chattisgarh, who holds the India Book of Records for being the youngest to solve 100 multiplication sums. He is also the youngest author with a trilogy of books, which has earned acclaim from the Harvard Book of Records and Online World Records in 2022.

Master Armaan Ubhrani is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar 2024, for his excellence in the field of Art and Culture.



# हेतवी कांतिभाई खिमसुरिया

## HETVI KANTIBHAI KHIMSURIYA

13 years | Place : Vadodara, Gujarat

Art & Culture

गुजरात की कुमारी हेतवी कांतिभाई खिमसुरिया एक प्रतिभाशाली और विशेष रूप से विकलांग बच्ची हैं, जिन्होंने गंभीर सेरेब्रल पाल्सी का सामना करने के बावजूद, 250 मनमोहक फ्री-हैंड पेंटिंग बनाई हैं और अपनी विकलांगता पेंशन स्पंदन स्पेशल चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट को दान कर दी है जिससे मानसिक रूप से विकलांग बच्चों को खुशी मिली है। उन्हें यूएस आर्ट गैलरी ऑफ़ असम द्वारा 'वर्ष 2023 की सबसे प्रेरक कलाकार' के रूप में मान्यता दी गई थी और उन्हें इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स, इंटरनेशनल बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लंदन बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स से भी प्रशंसा मिली है।

कुमारी हेतवी कांतिभाई खिमसुरिया को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Kumari Hetvi Kantibhai Khimsuriya, from Gujarat, is a talented and generous specially abled child, who despite facing severe cerebral palsy, has crafted 250 captivating free-hand paintings and donates her disability pension to the Spandan Special Child Care Institute, bringing joy to mentally challenged children. She was recognised as the 'Most Inspiring Artist of the Year 2023' by the U.S. Art Gallery of Assam and has received acclaim from the India Book of Records, International Book of World Records, and London Book of Records.

Kumari Hetvi Kantibhai Khimsuriya is being honored with the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar 2024, for her excellence in the field of Art and Culture.



# इश्फाक हामिद

# ISHFAQ HAMID

12 years | Place : Baramulla, Jammu & Kashmir

Art & Culture

जम्मू-कश्मीर के मास्टर इश्फाक हामिद रबाब और मटका के उस्ताद हैं। उन्हें रबाब वादन को आगे बढ़ाने और इस दुर्लभ पारंपरिक कला को विश्व स्तर पर बढ़ावा देने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए जाना जाता है। उन्हें 13वें कश्मीर महोत्सव और गुरु नानक देवजी के 550वें प्रकाश पर्व के दौरान प्रशंसा मिली और उन्हें भाई मर्दाना राष्ट्रीय पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जा चुका है।

कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए मास्टर इश्फाक हामिद को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Master Ishfaq Hamid is a maestro of Rabab and Matka. He has been honored with the Bhai Mardana National Award 2020 by the NGO Sarhad. Recognized for his outstanding contributions in elevating Rabab playing and promoting the rare art globally, he received this accolade during the 13th Kashmir festival and Guru Nanak Devji's 550th Prakash Parv.

Master Ishfaq Hamid is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar 2024, for his excellence in Art and culture.



# मोहम्मद हुसैन

# MD HUSSAIN

16 years | Place : Patna, Bihar

Art & Culture

बिहार के मास्टर मोहम्मद हुसैन एक कुशल कारीगर हैं, जिनकी नवीन रचनाएँ प्राकृतिक संसाधनों और अपशिष्ट पदार्थों से तैयार हस्तशिल्प को प्रदर्शित करती हैं, जो स्वदेशी खिलौनों को बढ़ावा देती हैं। उनके मास्टर कौशल ने एनसीईआरटी के राष्ट्रीय कला महोत्सव, 2022 में 'स्वदेशी खिलौने' श्रेणी में बिहार के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया था। उन्होंने 'परीक्षा पे चर्चा 2023' के दौरान अपने स्वदेशी खिलौनों को भी गर्व से प्रस्तुत किया था।

कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए मास्टर एमडी हुसैन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Master Md Hussain, from Bihar, is a skilled artisan whose innovative creations showcase handicrafts crafted from natural resources and waste materials, promoting indigenous toys. His master skills secured the Gold Medal for Bihar in the 'indigenous toys' category at the National Art Festival, 2022 of NCERT. He has also proudly presented his indigenous toys during 'Pariksha Pe Charcha 2023'.

Master Md Hussain is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar 2024, for his excellence in the field of Art and Culture.



# पेंड्याला लक्ष्मी प्रिया

# PENDYALA LAXMI PRIYA

14 years | Place : Warangal, Telangana

Art & Culture

तेलंगाना की कुमारी पेंड्याला लक्ष्मी प्रिया एक कुशल कुचिपुड़ी नृत्यांगना हैं, जिन्हें शास्त्रीय नृत्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है। उन्हें कला उत्सव राष्ट्रीय पुरस्कार 2023 प्राप्त हुआ था। उन्हें कुचिपुड़ी और मोहिनीअट्टम में शीर्ष कलाकार के रूप में आर्ट बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में सूचीबद्ध किया गया है, जिससे उन्हें "लास्याप्रिया" की उपाधि मिली और उन्हें वारंगल या "ओरुगल्लू" के चेहरे के रूप में पहचाना जाता है।

कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए कुमारी पेंड्याला लक्ष्मी प्रिया को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Kumari Pendyala Laxmi Priya, from Telangana, is an accomplished Kuchipudi dancer who has received National and International recognition in the field of classical dance. She received the Kala Utsav National Award 2023. She is listed in the Art Book of World Records as the top performer in Kuchipudi and Mohiniattam, earning her the title of "Laasyapriya" and is recognized as the face of Warangal or "Orugallu".

Kumari Pendyala Laxmi Priya is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar 2024, for her excellence in the field of Art and Culture.



# सुहानी चौहान

# SUHANI CHAUHAN

16 years | Place : South Delhi

Innovation

दिल्ली की कुमारी सुहानी चौहान ने किसानों के लिए पूरी तरह से सौर ऊर्जा संचालित कृषि वाहन 'SO-APT' विकसित किया है। पर्यावरण-अनुकूल वाहन संभावित रूप से डीजल की लागत में ₹1,800 करोड़ बचा सकता है और सालाना 272,000 मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम कर सकता है, जिसका कार्बन क्रेडिट में मूल्य ₹84 करोड़ प्रति वर्ष है। एसओ-एपीटी वाहन को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी सप्ताह, जी-20 के तत्वावधान में विज्ञान 20 शिखर सम्मेलन और भारत के युवा वैज्ञानिकों द्वारा पूरे भारत में शीर्ष नवीन परियोजनाओं में मान्यता दी गई थी।

नवप्रवर्तन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए कुमारी सुहानी चौहान को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Kumari Suhani Chauhan, from Delhi, has developed a fully solar-powered agriculture vehicle 'SO-APT', for farmers. The eco-friendly vehicle could potentially save ₹1,800 crores in diesel costs and reduce 272,000 metric tonnes of carbon dioxide emissions annually, which in carbon credits is valued at ₹84 crores per year. The SO-APT vehicle was recognized among the top innovative projects across India at the National Technology Week, Science 20 summit under the aegis of G-20, and the Young Scientists of India.

Kumari Suhani Chauhan is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar 2024, for her excellence in the field of Innovation.



## आर्यन सिंह
## ARYAN SINGH

17 years | Place : Kota, Rajasthan

Science & Technology

राजस्थान के मास्टर आर्यन सिंह एक युवा वैज्ञानिक हैं जिन्होंने किसानों को उर्वरकों, सिंचाई और कीट नियंत्रण के बारे में निर्णय लेने में सहायता करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और सेंसर का उपयोग करके एक बुद्धिमान बहुक्रियाशील रोबोट 'एग्रोबॉट' विकसित किया है। एग्रोबॉट रोपण और कटाई जैसे कार्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करता है। उन्हें 'इंस्पायर मानक अवार्ड्स 2022,' 'माईगॉव एंबेसडर' और विभिन्न यंग इनोवेटर अवार्ड्स मिले हैं।

मास्टर आर्यन सिंह को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Master Aryan Singh, from Rajasthan, is a young scientist who has developed 'Agrobot,' an intelligent multifunctional robot using Artificial Intelligence, Internet of Things, and sensors to assist farmers in making decisions about application of fertilizers, irrigation, and pest control. Agrobot excels in tasks like planting and harvesting. He has received the 'Inspire Manak Awards 2022,' 'MyGov Ambassador,' and various Young Innovator Awards.

Master Aryan Singh is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar 2024, for his excellence in the field of Science & Technology.



मध्य प्रदेश के मास्टर अवनीश तिवारी, 9 साल का एक उल्लेखनीय बच्चा है, जो डाउन सिंड्रोम से पीड़ित होने के बावजूद, सात साल की उम्र में माउंट एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचा और 3 और 4 साल की उम्र में TEDx में शामिल हुआ और समावेशिता पर एक राष्ट्रीय चर्चा शुरू की। 2022 में, वह अपनी असीमित क्षमता से कई लोगों को प्रेरित करते हुए, श्रेष्ठ दिव्यांग बाल पुरस्कार के सबसे कम उम्र के प्राप्तकर्ता बन गए।

मास्टर अवनीश तिवारी को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

## अवनीश तिवारी
## AVNISH TIWARI

9 years | Place : Indore, Madhya Pradesh

Social Service

Master Avnish Tiwari, from Madya Pradesh, is a remarkable 9-year-old child who despite having Down's Syndrome, trekked to the Mt. Everest base camp at the age of seven and featured in TEDx at ages 3 and 4, sparking a national conversation on inclusivity. In 2022, he became the youngest-ever recipient of the Shresth Divyang Bal Puraskar, inspiring many with his limitless potential.

Master Avnish Tiwari is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2024 for his excellence in the field of Social Service.



# गरिमा

# GARIMA

9 years | Place : Mahendragarh, Haryana

Social Service

हरियाणा की कुमारी गरिमा, दृष्टिबाधित होने के बावजूद, अपनी पहल, "साक्षर पाठशाला" के माध्यम से वंचित बच्चों को शिक्षित करने के लिए समर्पित हैं। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में एक हजार से अधिक बच्चों को प्रभावित किया है और सराहना अर्जित की है। एक विशेष रूप से विकलांग बच्चे के रूप में, उनकी प्रतिबद्धता और उत्साह उन सभी को प्रेरित करता है जो उनके प्रभावशाली काम को देखते हैं।

कुमारी गरिमा को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Kumari Garima, from Haryana, despite her visual impairment, is dedicated to educating underprivileged children through her initiative, "Sakshar Pathshala." She has influenced over a thousand kids at various events and earned appreciation. As a specially-abled child, her commitment and enthusiasm inspires all who witness her impactful work.

Kumari Garima is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2024 for her excellence in the field of Social Service.



# ज्योत्सना अख्तर
# JYOTSNA AKTAR

16 years | Place : South Tripura, Tripura

Social Service

त्रिपुरा राज्य की 10वीं कक्षा की छात्रा ज्योत्सना अख्तर ने अपने स्कूल की "बालिका मंच" पहल के माध्यम से कम उम्र में विवाह के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व किया है। उनके दृढ़ प्रयासों ने न केवल उनके परिवार के दृष्टिकोण को बदल दिया है, बल्कि उनके समुदाय की अन्य लड़कियों को भी कम उम्र में विवाह की प्रथा का शिकार होने से रोका है। उनका कार्य शिक्षा में आने वाली बाधाओं को दूर करने और समुदाय में लड़कियों के लिए उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

ज्योत्सना अख्तर को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Jyotsna Aktar, a student of class 10, from Tripura State has led the fight against early marriages through "Balika Mancha" initiative of her school. Her determined efforts have not only transformed her family's perspective but have also prevented other girls in her community from falling victim to the practice of early marriage. Her work centres on removing obstacles to education and ensuring a brighter future for girls in the community.

Jyotsna Aktar is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2024 for her excellence in the field of Social Service.



# संयम मजूमदार
# SAIYAM MAZUMDER

15 years | Place : Kamrup Metropolitan, Assam




असम के मास्टर संयम मजूमदार एक वन्यजीव संरक्षणवादी हैं, जिन्होंने 10 साल की उम्र में आवारा जानवरों को बचाने के लिए उल्लेखनीय करुणा दिखाते हुए अपनी यात्रा शुरू की थी। 12 साल की उम्र में वह सांपों के पारिस्थितिक महत्व पर जोर देते हुए भारत के सबसे कम उम्र के सांप बचावकर्ता बन गए। 15 साल की उम्र में उन्हें "इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स" और "इनजेनियस चार्म वर्ल्ड रिकॉर्ड्स" द्वारा मान्यता मिली।

मास्टर संयम मजूमदार को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Master Saiyam Mazumder, from Assam, is a wildlife conservationist who began his journey at the age of 10, showing remarkable compassion by saving stray animals. By 12 years of age he became India's youngest snake rescuer, emphasizing the ecological significance of snakes. Recognized by the "India Book of Records" and "Ingenious Charm World Records" at 15.

Master Saiyam Mazumder is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2024 for his excellence in the field of Social Service.



# आदित्य यादव

# AADITYA YADAV

12 years | Place : Gorakhpur, Uttar Pradesh





उत्तर प्रदेश की कुमारी आदित्य यादव एक विशेष रूप से विकलांग बैडमिंटन खिलाड़ी हैं, जिन्होंने विश्व युवा बधिर चैम्पियनशिप और विश्व बधिर चैम्पियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक जीते हैं। उन्होंने एशिया पैसिफिक डेफ यूथ बैडमिंटन चैंपियनशिप सहित अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपनी जीत के साथ ब्राजील में डेफलिंपिक्स में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। आदित्य की उपलब्धियाँ लचीलेपन और उत्कृष्टता का उदाहरण हैं, जो खेल समुदाय और बड़े पैमाने पर समाज के लिए एक शक्तिशाली उदाहरण स्थापित करती हैं।

कुमारी आदित्य यादव को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Kumari Aaditya Yadav, from Uttar Pradesh, is a specially-abled badminton player who clinched Gold and Silver medals at the World Youth Deaf Championship and World Deaf Championship. She also secured Gold at the Deaflympics in Brazil, adding to her victories in the International Badminton Championships, including the Asia Pacific Deaf Youth Badminton Championship. Aaditya's achievements exemplify resilience and excellence, setting a powerful example for the sporting community and society at large.

Kumari Aaditya Yadav is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2024 for her excellence in the field of Sports.



# चार्वी ए

# CHARVI A

9 years | Place : Hassan, Karnataka




कर्नाटक की कुमारी चार्वी ए को वर्तमान में लड़कियों की अंडर-8 और अंडर-10 श्रेणियों में भारत की नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी का दर्जा दिया गया है। उन्होंने चार अंतर्राष्ट्रीय और तीन राष्ट्रीय खिताब जीते हैं और अकेले 2022 में छह खिताब के साथ एक रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 2022 में अंडर-8 विश्व शतरंज और राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियन बनकर एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड भी हासिल किया। उन्होंने एशियाई युवा शतरंज चैंपियनशिप में पांच स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने 2021 और 2022 में अंडर-7, अंडर-8 और अंडर-10 श्रेणियों में खिताब हासिल किए।

कुमारी चार्वी ए को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Kumari Charvi A, from Karnataka, is currently rated India's No. 1 chess player in the girls' Under-8 and Under-10 categories. She has clinched four International and three National titles and set a record with six titles in 2022 alone. She also achieved a remarkable record in 2022 by becoming the Under-8 World Chess and Commonwealth Chess Champion. She clinched five gold and one silver medal at the Asian Youth Chess Championship. A dominant force nationally, she secured titles in the Under-7, Under-8, and Under-10 categories in 2021 and 2022.

Kumari Charvi A is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2024 for her excellence in the field of Sports.



# जेसिका नेई सरिंग

# JESICCA NEYI SARING

9 years | Place : Papum Pare, Arunachal Pradesh

Sports

अरुणाचल प्रदेश की कुमारी जेसिका नेयी सारिंग एक बेहद कुशल बैडमिंटन चैंपियन हैं, जिन्होंने अंडर-11, अंडर-13 और अंडर-15 श्रेणियों में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में एकल और युगल दोनों में प्रतिस्पर्धा करते हुए उल्लेखनीय ट्रैक रिकॉर्ड बनाया है। उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों में योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट (अंडर-13 गर्ल्स डबल्स), एसबीडीए लियो स्पोर्ट्स स्मैश फेस्ट (यू13 गर्ल्स सिंगल्स, 2023) और 6वीं सब-जूनियर स्टेट रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतना शामिल है। (अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स और अंडर-13 गर्ल्स सिंगल्स)।

कुमारी जेसिका नेई सरिंग को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2024 से सम्मानित किया गया है।

Kumari Jessica Neyi Saring is a highly skilled Badminton Champion with a remarkable track record in state and national-level championships across U-11, U-13, and U-15 categories, competing in both singles and doubles. With over 20 competitions under her belt, Kumari Jessica has secured numerous accolades. Her notable achievements include winning gold in the Yonex Sunrise All India Sub Junior Ranking Badminton Tournament (U-13 Girls Doubles), SBDA Leo Sports Smash Fest (U13 Girls Singles, 2023), and the 6th Sub-Junior State Ranking Badminton Tournament (U-15 Girls Singles and U-13 Girls Singles). Jessica Neyi Saring stands out as a formidable force in the world of badminton, consistently achieving excellence in various categories.

Kumari Jessica Neyi Saring is beng awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2024 for her excellence in the field of Sports.



# लिन्थोई चनंबम

# LINTHOI CHANAMBAM

17 years | Place : Imphal West, Manipur

Sports

मणिपुर की कुमारी लिनथोई चनंबम किसी भी आयु वर्ग में जूडो चैंपियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय हैं। उन्होंने साराजेवो में विश्व जूडो कैडेट्स चैंपियनशिप, 2022 में 57 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। जूनियर और एशियाई कैडेट चैंपियनशिप में पिछली जीत के साथ-साथ राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के साथ, लिनथोई की ऐतिहासिक उपलब्धि और लगातार सफलता उन्हें राष्ट्रीय स्तर की मान्यता के लिए बेहद योग्य उम्मीदवार बनाती है।

कुमारी लिनथोई चनंबम को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Kumari Linthoi Chanamb, from Manipur, is the first Indian to win a judo championship in any age group. She won gold medal in the 57 kg category at the World Judo Cadets championship, 2022 in Sarajevo. With previous triumphs at junior and Asian cadet championships, along with success at state and national levels, Linthoi's historic achievement and consistent success make her a highly deserving candidate for national-level recognition.

Kumari Linthoi Chanambam is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2024 for her excellence in the field of Sports.



# आर सूर्य प्रसाद
# R SURYA PRASAD

9 years | Place : Anantapur, Andhra Pradesh




आंध्र प्रदेश के मास्टर आर सूर्य प्रसाद ने असाधारण दृढ़ संकल्प और कौशल का प्रदर्शन करते हुए, 5 साल की उम्र में पर्वतारोहण का प्रशिक्षण शुरू किया। उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि 5 अप्रैल, 2022 को माउंट किलिमंजारो पर चढ़ना था, जहां उन्होंने सामाजिक सशक्तिकरण और प्रगतिशील भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए प्रतीकात्मक रूप से प्रतिष्ठित हस्तियों की तस्वीरें प्रदर्शित कीं। उनके स्थायी प्रयासों का गहरा प्रभाव पड़ा है, जिससे सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा मिली है।

मास्टर आर सूर्य प्रसाद को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2024 से सम्मानित किया जा रहा है।

Master R Surya Prasad, from Andhra Pradesh, began mountaineering training at the tender of age 5, displaying exceptional determination and skill. His landmark achievement was scaling Mt. Kilimanjaro on April 5, 2022, where he symbolically showcased images of eminent figures, emphasizing his commitment to social empowerment and progressive India. His enduring efforts have a profound impact, inspiring positive change.

Master R Surya Prasad is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar, 2024 for his excellence in the field of Sports.

प्रधानमंत्री

# राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

2024

PRADHAN MANTRI

# RASHTRIYA BAL PURASKAR

2024